6	Paid - up equity share capital (face value of Rs. 2/- each)	2,237.50	2,237.50	2,237.50	2,237.50
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as show in the Audited balance sheet of the previous year)	-	-	-	-
8	Earnings Per Share (EPS) (of Rs. 2/- each) (for continuing and discontinued operations)				
	a. Basic	0.0065	0.004	0.0036	0.0008
	b. Diluted	0.0065	0.004	0.0036	0.0008

Note:
a) The above Audited Consolidated Financial Results for the Quarter and Year Ended as on 31st March, 2020, have been reviewed by Audit Committee and approved by the Board of Directors in their Meetings held on 21st July, 2020.
b) The previous year figures have been regrouped, re-classified and recasted wherever necessary.
c) The Company operates in only one segment.

By the order of Board of Directors
For BITS LIMITED
Sd/-
OMPRAKASH RAMASHANKAR PATHAK
(Managing Director)
DIN: 01428320

Place: New Delhi
Date: 21.07.2020

PAN INDIA CORPORATION LIMITED

(CIN:- L72200DL1984PLC017510)
Regd. Off.:- 711, 7th Floor, New Delhi House, 27, Barakhamba Road, New Delhi - 110001
Email: srgltd@gmail.com, Website: http://www.panindiacorp.com, Tel. No. 011-43656567

EXTRACT OF STATEMENT OF AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2020
(Pursuant to Regulation 47 (1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2017)

(Amount Rs. In Lacs)

S. No.	Particulars	Year Ended 31st March, 2020 (Audited)	Year Ended 31st March, 2019 (Audited)	Quarter Ended 31st March, 2020 (Audited)	Quarter Ended 31st March, 2019 (Audited)
1	Total Income from Operations (Net)	0.00	0.00	0.00	0.00
2	Net Profit/Loss for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items)	2.08	(443.28)	(2.75)	(6.52)
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2.08	(443.28)	(2.75)	(6.52)
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	1.56	(443.28)	(2.16)	(6.52)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/Loss for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)]	8.24	(443.28)	1.18	(6.52)
6	Paid - up equity share capital (face value of Rs. 10/- each)	21,425.65	21,425.65	21,425.65	21,425.65
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as show in the Audited balance sheet of the previous year)				
8	Earnings Per Share (EPS) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)				
	a. Basic	0.0038	(0.2069)	0.0005	(0.0030)
	b. Diluted	0.0038	(0.2069)	0.0005	(0.0030)

Note:
a) The above Audited Consolidated Financial Statements/Results for the Quarter and Year Ended as on 31st March, 2020, have been reviewed by Audit Committee and approved by the Board of Directors in their Meetings held on 21st July, 2020.
b) The previous year figures have been regrouped, re-classified and recasted wherever necessary.
c) The Company operates in only one segment.

By the order of Board of Directors
For PAN INDIA CORPORATION LIMITED
Sd/-
VIJAY PAL SHUKLA
(Managing Director)
DIN: 01379220

Place: New Delhi
Date: 21.07.2020

New Delhi
Financial Express - English - dated 22/07/2020

पंचांग राशिफल

इन्दरमल चौधरी
(सम्पादक-ज्योतिष-रत्न प्रैक्टिकल फीजिक्स)
गायत्री ज्योतिष कार्यालय
सादडी जिला राजसमन्द
मो. 9928045062, 9414354031
email - jayjyotishratn@gmail.com
वेब. www.jyjyotish.ratn.in

22 जुलाई, 2020

श्रावण शुक्ला द्वितीया बुधवार संवत् 2077 आश्लेषा नक्षत्र सिद्धि योग बालव करण कर्क चन्द्रमा 19.15 तक, शाके 1942 आषाढ़, 31 सू. 3. 6.02 अस्त 19.20 चन्द्रदर्शन मु. 15

मेष- आपकी सेहत ठीक नहीं रहेगी, कहीं आर्थिक हानि हो सकेगी तथा स्वजनों से किसी बात को लेकर अनबन दूर नहीं हो सकेगी।

वृष- स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी कार्य में प्रगति होगी, कहीं सुखद यात्रा की जा सकेगी तथा संतति-पक्ष अनुकूल रहेगा।

मिथुन- किसी समस्या का समाधान हो जाने से राहत मिलेगी, दाम्पत्य-सुख में मधुरता रहेगी तथा कारोबार में लाभ रहेगा।

कर्क- परिवार में सुख-शान्ति रहेगी, मनोबल कमजोर नहीं रहेगा तथा कहीं रुका हुआ पैसा प्राप्त होने लायक परिस्थितियां बनेगी।

सिंह- परिजनों के स्नेह-सहयोग में अवरोध रहेगा, किसी नई योजना को तय नहीं कर सकेंगे तथा जीवन-साथी की सेहत अनुकूल नहीं रहेगी।

कन्या- स्थानान्तर का विचार होगा, किसी विशेष मामले में आपको यश मिलेगा तथा कोई खोई वस्तु मिल सकेगी।

तुला- कार्य-विशेष के सम्पन्न होने से यश की वृद्धि होगी, कोई खोई वस्तु पुनः प्राप्त हो सकेगी तथा सावधान रहेंगे।

वृश्चिक- आपका स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, सराहनीय कार्य साहस के साथ सम्पन्न करेंगे तथा धनागम की सुगमता रहेगी।

धनु- कहीं हानि की आशंका रहेगी, घरेलू विवादों का कोई समाधान दिखाई नहीं देगा तथा शत्रु की प्रबलता परेशानी का कारण बन सकेगी।

मकर- दाम्पत्य-सुख अनुकूल रहेगा, आय की कमी नहीं रहने के कारण कारोबार में रूचि रहेगी तथा राजनैतिक रूबाब बढ़ेगा।

कुम्भ- कारोबार में रदोबदल की योजना सफल होगी, मित्रों का सहयोग मिल सकेगा तथा कार्य-क्षैत्र की वृद्धि होगी।

मीन- आपकी सेहत अनुकूल रहेगी, स्वजनों का सुख-सहयोग रहेगा तथा संतति-पक्ष की उन्नति से प्रसन्न रहेंगे।

रोटरी का पदस्थापना समारोह

चित्तौड़गढ़, 21 जुलाई। रोटरी जिला 3054 के प्रान्तपाल रोटे. राजेश जी अग्रवाल ने यहां रोटरी क्लब, चित्तौड़गढ़ की अपनी आधिकाधिक यात्रा में पदस्थापन समारोह को संबोधित करते हुए रोटरी इन्टरनेशनल की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि हमें गौरवान्वित होना चाहिये।

संभागीय आयुक्त 24 जुलाई को जिले के दौरे पर

फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की करेंगी समीक्षा

भीलवाड़ा, 21 जुलाई। संभागीय आयुक्त श्रीमती आरुषि मलिक शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहेगी। वे फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में मध्यान्ह 2 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला कलेक्टेट के सभाकक्ष में बैठक करेंगी। इसके पश्चात् समस्त अधिकारियों, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विकास अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सरकार द्वारा क्रियान्वित समस्त फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बैठक होगी।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में कोविड-19, माईग्रेन्ट वर्कर की स्किल मेपिंग, गरीब कल्याण रोजगार योजना, डिजिटल इण्डिया लेण्ड रिकार्ड मोर्डन नाईजेशन प्रोग्राम, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, जिले में पेयजल, बिजली, सडकों की स्थिति के अलावा स्टेट फ्लैगशिप कार्यक्रम के बिन्दुओं पर समीक्षा एवं चर्चा की जायेगी।

फ्लेगशिप कार्यक्रम के तहत चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के शुद्ध के लिये युद्ध, निरोगी राजस्थान, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा व जांच योजना, आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना पर चर्चा होगी।

इसी प्रकार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के एक रुपये किलो गेहूं, स्कूल शिक्षा में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मुख्यमंत्री कन्यादान, हथलेवा योजना, सिलिकोसिस पौलिसी के अंतर्गत देय लाभ, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना एवं पालनहार योजना के अलावा कृषि विभाग के अंतर्गत राजस्थान कृषि पसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि प्रोत्साहन योजना-2019, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के तहत राजस्थान स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज, पमोशन स्कीम, एमएसएमई एक्ट सेल्फ सर्टिफिकेशन, उद्योग विभाग की राजस्थान इनवेस्टमेंट स्कीम आरआईपीएस, सूचना एवं पौद्योगिकी संचार विभाग की जन सूचना पोर्टल एवं आयोजना विभाग से संबंधित पगति की समीक्षा की जायेगी।

स्कूल ऑफ सोशल वर्क की सेवानिवृत्त प्रोफेसर का निधन

उदयपुर, 21 जुलाई। उदयपुर स्कूल ऑफ सोशल वर्क की प्रोफेसर एवं सेवानिवृत्त डीन श्रीमती उषा अग्रवाल का जयपुर में निधन हो गया। श्रीमती अग्रवाल का आज उदयपुर में अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती उषा अग्रवाल राजस्थान विद्यापीठ यूनिवर्सिटी के उदयपुर स्कूल ऑफ सोशल वर्क में लंबे समय तक प्राध्यापक व डीन रही तथा इस दौरान उन्होंने एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के साथ शहर में कई समाज सेवक छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के मूल्यों से शिक्षित किया। श्रीमती अग्रवाल अपने पीछे पति, पुत्र, पुत्रवधू व पुत्री दामाद सहित हरा भरा परिवार छोड़कर गई हैं। श्रीमती उषा अग्रवाल श्रमजीवी कॉलेज के सोशल साइंस की प्राध्यापक रही।

मुस्लिम महासभा ने सौंपा ज्ञापन

उदयपुर, 21 जुलाई। मुस्लिम महासभा द्वारा आज दिनांक 21 जुलाई शहर सचिव इमरान शाह के नेत्रत्व में जिला कलेक्टर चेतन कुमार देवड़ा साहब को ज्ञापन सौंपा जिसमे मांग की गई शिक्षा भवन चौराहे के नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के सेनापति हकीम खान सूरी चौराहा हो हकीम खान सूरी हल्दी घाँटी के वो वीर योद्धा है जिन्होंने मरते दमतक हल्दी घाँटी की जंग लड़ी ओर आखिर में शहीद हो गए शिक्षा भवन चौराहे का नाम हकीम खान सूरी के नाम पर होने से लोगो को प्रेरणा मिलेगी।

राज शपथ, (अभियान राज शपथ, कुरीतियों का अंत)

हिन्द के वासी है, राज के निवासी है।
खाते है, सौगंध, कुरीतियां मिटाएंगे।।
न करेंगे, बालविवाह न खाएंगे, मृत्यु भोज।
लड़का हो, लड़की, हम, पढ़ेंगे, पढ़ाएंगे।।
रोग हो या कोई, दोष जन्म, हो ,या हो प्रकोप।
टोटकों, से बचकर, चिकित्सालय को जाएंगे।।
न करेंगे गंदगी, स्वच्छता को ही चाहेंगे।
उजाला घर है, अपना शौचालय, अपनाएंगे।।
न पिएंगे, मदिरा, धूम्रपान को, भगाएंगे।
डिजिटल क्रांति से, कैरियर बनाएंगे।।
बेटी मां का रूप है, बेटी से, जहान है।
खाते है, सौगंध, बेटियां, बचाएंगे।।
वन बिना, न जल है, जल बिना न, कल है।
वन और, जल को, हम, मिलकर बचाएंगे।।
प्लास्टिक, घातक है, परिवेश का विनाशक है।
बेग, कपड़े का, हम, अपनाएंगे।।
रक्त बिना ना तन है ,नेत्र बिना ना जीवन।
रक्त दान, नेत्र दान, हम, सब करेंगे।।
न रिश्वत लेंगे, न दूसरो को, देंगे।
दहेज लेना, पाप, हम पाप ना करेंगे।।
प्रताप की ये, भूमि है ,पदमिनी का, वास है।
वतन को अर्पित ,हमारी हर सांस हैं
हिन्द के वासी हैं राज के निवासी हैं।।
खाते हैं सौगंध कुरीतियां मिटाएंगे।।

रचयिता नवीन (नव) कुमार बाबेल बीगोद वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान)

भाजपा पार्टी ई बुक प्रभारी नियुक्त

धरियावद, 21 जुलाई। भाजपा द्वारा कोरोना संक्रमण काल में चलाए गए सेवा ही संगठन कार्यक्रम के तहत सेवा संगठन ई बुक प्रभारी नियुक्त किए गए जिसमें धरियावद मंडल आईटी सेल प्रभारी बंटी शर्मा एवं सहप्रभारी अमित दोशी को नियुक्त किया गया मंडल मिडिया प्रवक्ता राकेश वीरवाल के अनुसार सेवा संगठन कार्यक्रम में भाजपा पार्टी द्वारा किए गए समस्त कार्यों के लिए ई बुक विकसित की गई जिसके लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी बनाए गए।

कोरोना एक भयंकर महामारी - आगमन और प्रस्थान

1. महामारी का जन्मकाल और कारण
जन्म : 29 अक्टूबर, 2019 चीन
कारण : शनि-गुरु-केतु का एक साथ धनुराशि में रहना
2. महामारी का विकासकाल, कारण और फल
समय : 29 दिसम्बर 2019 से निरन्तर
कारण : शनि-गुरु-केतु के साथ सूर्य-बुध इन पांच ग्रहों का एक साथ धनु राशि में रहना
फल : आज हम सबके सामने ये महामारी मौत का ताण्डव दिखा रही है।
3. महामारी से राहत-समय और कारण - (उतार-चढ़ाव)
समय : 14 मई, 2020 से जून माह तक (उतार-चढ़ाव रहेगा)
कारण : गुरू का अपनी नीच राशि मकर में आने से कुछ उतार चढ़ाव देखने मिलेगा
4. महामारी का नया-नया रूप - समय और कारण
समय : 20 जुलाई 2020 से 5 अगस्त तक
कारण : गुरू का मकर राशि को छोडकर धनुराशि में प्रविष्ट होंगे जहां केतु के साथ मिलकर पुनः इस महामारी को नये नये रूपों में जन्म देगी।
5. महामारी का भयंकर उग्र रूप - समय और कारण
समय : 5 अगस्त 2020 से 3 सितम्बर 2020 तक
कारण : शनि का अपनी राशि छोडकर गुरू और केतु के साथ धनु राशि में रहेंगे। जिसके कारण इस महामारी का भयंकर आतंक रहेगा। लोग लाखों में मृत्यु को प्राप्त होंगे।
चारों तरफ हाहाकार मचेगा।
6. महामारी का नाश समय और कारण
समय : 3 सितम्बर से 29 सितम्बर 2020 तक
कारण : केतु का धनु राशि से वृश्चिक राशि में आने से इस महामारी से छुटकारा मिलेगा।
कोई दवा बेक्सीन आदि बनेगी और उससे धीरे-धीरे इस महामारी का आतंक समाप्त होगा।

प्रतिष्ठाचार्य
डॉ. आनन्द प्रकाश जैन शास्त्री

बीस सूत्री कार्यक्रम के लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश

भीलवाड़ा, 21 जुलाई। जिला कलक्टर श्री शिवप्रसाद नकाते ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य समय पर अर्जित करें। उन्होने लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धियों में आ रही कठिनाइयों के बारे में तुरंत सूचित करते हुए समाधान खोंजें।

जिला कलक्टर ने कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए महात्मा गांधी नरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण व शहरी रोजगार मिशन, खाद्य सुरक्षा, आवास, टीकाकरण, माडा योजना, पोषण, पधानमंत्री ग्राम सडक योजना, कृषि कुओं के विद्युतिकरण सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला परिषद सीईओ गोपालराम बिरदा, मुख्य आयोजना अधिकारी महावीर कुमार बाहेती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चाट के ढेलों पर, दोना चाट के पत्ता फेंक रहे हैं

चाट के ढेलों पर, दोना चाट के पत्ता फेंक रहे है।
चाय की थडियों पर सुडक सुडक चाय पी रहे है।
खबर चटपटी,मीडियाकर्मी लोगों के सर चढ़ रहे है।
ये नौनिहाल सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रहे है।
तो जब हम खुद ही कोरोना अंकल को खुला न्यौता दे रहे है।
फिर क्यूँ सरकार से या देश के राजा से सवाल कर रहे है।
प्यार से बुलाइये, खुद साथ जिमिये और कोरोना अंकल को भी खुद को जिमाइये।
कल अपनी आंखों से बाजार में ये सब नजारा देखा।
कभी तो देश की जनता को अक्ल आये इन्ही शुभकामनाओं के साथ

नमस्ते जयपुर से - डॉ निशा माथुर

53वां उदय ओपन रोवर क्रू भुवाणा के तत्वावधान में

5 रोवर को दीक्षा का भव्य समारोह सुरेश कुमार प्रजापत के सानिध्य में किया आयोजित

उदयपुर, 21 जुलाई। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ बडगांव के 53वां उदय ओपन रोवर क्रू भुवाणा के तत्वावधान म आज 5 रोवर को दीक्षा दी गई दीक्षा का भव्य समारोह सुरेश कुमार प्रजापत के सानिध्य में आयोजित किया गया। दीक्षा समारोह में रोवर श्री देवी लाल गमेती, अनिल बेद,ललित गमेती, युवराज गमेती व महेन्द्र सिंह राजपूत ने दीक्षा ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के सहायक राज्य संगठन आयुक्त मंडल मुख्यालय उदयपुर के दिलीप कुमार माथुर थे व कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थानीय संघ बडगाव के सचिव किशनलाल सावली थे। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर भगवती लाल साहु व बंसी लाल मेघवाल आदि उपस्थित थे। रोवर लीडर सुरेशकुमार प्रजापत ने 5 रोवर को दीक्षा दी।

राम-सामयिक (फीचर)

जयराम ठाकुर की सतर्कता

(अशोक त्रिपाठी–हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा)



अभी ज्यादा दिन नहीं हुए जब दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोरोना महामारी का संक्रमण रोकने के लिए राज्य की सीमाओं को सील कर दिया था। इस पर कांग्रेस के साथ भाजपा ने भी हंगामा खड़ा कर दिया था। केन्द्रशासित दिल्ली की सरकार केन्द्रीय गृहमंत्रालय के अधीन काम करने वाले उपराज्यपाल (एलजी) के इशारे पर काम करती है, इसलिए एलजी ने सरकार के फैसले को खारिज कर दिया था। इसका नतीजा अरुछा नहीं रहा था और दिल्ली में कोरोना का संक्रमण बहुत बढ़ गया था। अरविंद केजरीवाल सरकार ने निश्चित रूप से अच्छी व्यवस्था की जिससे बीमारी नियंत्रण में आ गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसके लिए दिल्ली सरकार की तारीफ की थी। अब हिमाचल प्रदेश की जयराम ठाकुर सरकार ने भी कोरोना पर नियंत्रण रखने के लिए राज्य में आने वालों की संख्या को नियंत्रित करने का प्रयास किया है।

हिमाचल में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। मात 14 जुलाई को 23 कोरोना पॉजिटिव मरीज आए है। चंबा में सात, बिलासपुर तीन, कुल्लू में तीन, शिमला–कांगड़ा में दो–दो, सोलन में पांच और किन्नौर में एक मामला आया है। चंबा जिले में चंबा और आईटीबीपी के तीन जवानों समेत सात पॉजिटिव पाए गए हैं। ये लोग केरल और रुड़की से लौटे थे। इनमें केरल से खड़घाट समेट लौटा सैन्य जवान, उसकी पत्नी और और दो बच्चे भी पॉजिटिव हुए हैं। सीएमओ चंबा सी। राजेश गुलेरी ने इसकी पुष्टि की है। उधर, हिमाचल के सिरमौर जिले में पांवटा का एक मजदूर चंडीगढ़ में कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। संक्रमित छह जुलाई से ईएराआई अस्पताल में उपचाराधीन था। वहीं, सोलन जिले में पांच कोरोना मामले आए हैं। नालागढ़ में एक गर्भवती महिला समेत दो लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इन दोनों के सैंपल स्वास्थ्य विभाग ने रैंडम आधार पर लिये थे जिनमें दोनों के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई। शाम को जिले में तीन और पॉजिटिव केस आए, जिनमें एक पुलिसकर्मी, जबकि दो अन्य बद्दी के उद्योग के कामगार हैं। लगभग जिले में भी शाम को दो नए मामले आए हैं। उत्तरी का 23 वर्षीय युवक और 70 वर्षीय बुजुर्ग पॉजिटिव पाया गया। दोनों पहले से कोरोना संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से पॉजिटिव हुए बताए जाते हैं। संक्रमितों को कोविड केयर सेंटर डाड और जोगेंद्र अस्पताल धर्मशाला शिफ्ट किया जा रहा है। डीसी राकेश प्रजापति ने मामलों की पुष्टि की है। जिले में उत्तरी दिन राहा और गरोज ठीक से गए हैं। शिमला जिले में भी दो कोरोना के मामले सामने आए हैं। दोनों लोग जम्मू–कश्मीर के हैं। इनमें एक रोब खरीदने आया लदानी और एक मजदूर है। ऊना जिले से कोविड जांच के लिए भेजे सैंपलों में से तीन नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। इसके अलावा दो संक्रमितों के फॉलोअप सैंपलों में से एक की रिपोर्ट पॉजिटिव और एक की निगेटिव है। संक्रमित मामलों में से पहला पॉजिटिव मामला गगरेट उपमंडल के अगटैहड़ का है। यहां 22 वर्षीय युवक कोरोना पॉजिटिव आया है। वह महाराष्ट्र के सतपुड़ा से लौटा था। उसे संस्थागत क्वारंटीन किया गया था। दूसरा पॉजिटिव मामला गगरेट उपमंडल के बेहड़ पटेड़ का 27 वर्षीय युवक पॉजिटिव आया है। वह भी महाराष्ट्र के रायगढ़ से लौटा था। उसे संस्थागत क्वारंटीन किया था। तीसरा संक्रमित मामला गगरेट उपमंडल के गांव माया सिंघियां का है। यहां नयागांव गुजरा से लौटा 22 वर्षीय युवक पॉजिटिव पाया गया है। उसको भी संस्थागत क्वारंटीन किया था। सीएमओ रमन शर्मा ने कहा कि जिला में संक्रमितों की संख्या 144 हो गई है। इसमें से 109 स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 35 एक्टिव मामले हैं। उन्होंने बताया कि तीनों संक्रमितों को कोविड सेंटर खड़ा में शिफ्ट किया जाएगा। किन्नौर में भी कोरोना का एक और मामला आया है। आईटीबीपी का जवान पॉजिटिव पाया गया है।

बिलासपुर जिले में 14 जुलाई की देर रात तीन कोरोना पॉजिटिव केस आए हैं। संक्रमितों में दो बिहार और एक दिल्ली से लौटा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ। प्रकाश चंदेल ने बताया कि चार जुलाई को बिहार से आया 31 साल का गुलक बंदला हाइड्रो कॉलेज की साइट पर क्वारंटीन था। जबकि बिहार से आया 23 साल का एक अन्य युवक भी हाइड्रो कॉलेज साइट पर क्वारंटीन था। इसके अलावा दिल्ली से तीन जुलाई को आई 38 साल की महिला धुमारवीं के एक निजी होटल में संस्थागत क्वारंटीन थी। इन तीनों को इलाज के लिए कोविड केयर सेंटर बांदूपुल शिफ्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही हिमाचल में कोरोना संक्रमितों का कुल आंकड़ा 1308 पहुंच गया है। सक्रिय मामले 361 हैं। 933 कोरोना मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। कोरोना से नौ की मौत हुई है। 13 मरीज राज्य के बाहर शिफ्ट हो गए हैं। कोरोना के एकदम ज्यादा मामले सामने आने के बाद औद्योगिक हब बीबीएन के अधिकांश उद्योग सील कर दिए गए हैं। सिगले उद्योग में एक साथ सामने आए 63 मामलों के बाद नियंत्रण रिजोर्ट में क्वारंटीन कामगारों के लिए इसे ही कोविड सेंटर बना दिया है। एसडीएम नालागढ़ प्रशांत चैन ने बताया कि नालागढ़ के साथ टेक्सटाइल उद्योग, रिगले, विनराग, अरिहंत, जेमकेक राहित एक प्लास्टिक उद्योग को सील कर दिया है। विनसम उद्योग का एक हिस्सा बंद किया है, जबकि रानीवला को अभी सील नहीं किया है। इस उद्योग में ठेकेदार सहित तीन लोग पॉजिटिव निकले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी कामगारों के टेस्ट लेने की कवायत तेज कर दी है। साधुपुल में पार्टी कर रहे शिमला के सात युवकों पर एकआईआर कोविड–19 के तहत जारी निर्देशों की पालना न करने पर सात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ये युवक 13 जुलाई की रात करीब 9 बजे साधुपुल नदी के किनारे पार्टी कर रहे थे, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कार्रवाई को अंजाम दिया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि साधुपुल नदी के किनारे कुछ युवक पार्टी कर रहे हैं। जोर से म्यूजिक भी लगाया हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शिमला के सात युवकों को नदी किनारे मैठकर शराब का सेवन करते हुए पाया गया।

इसीलिए राज्य में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के चलते सरकार ने फिर से रूल में छूटी के नियमों में बदलाव किया है। अब दीगर प्रदेश में दाखिल नहीं हो पाएंगे। एक बार फिर से रजिस्ट्रेशन के बाद अधिकारी परमिशन देंगे। सरकार ने गत 14 जुलाई को यह फैसला लिया है। सरकार का दावे है कि बड़ी संख्या में लोग फर्जी और झूठी जानकारी देकर प्रदेश में दाखिल हो रहे हैं। ऐसे में फिर से नियमों में बदलाव किया गया। इसके अलावा प्रदेश में आने वाले लेबर भी अब क्वारंटीन किए जाएंगे।

गुरुवारगी जय राम ठाकुर ने प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ वैश्विक कोरोना महामारी की समीक्षा की। सीएम ने कहा कि अनलॉक की प्रक्रिया आरम्भ होते ही प्रदेश में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियां बढ़नी आरम्भ हो गयी हैं। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने बाहर से आने वाले कोविड के पॉजिटिव मामलों में होने वाली वृद्धि के मद्देनजर निर्णय लिया है कि बाहरी प्रदेशों से आने वाले औद्योगिक मजदूरों को संस्थागत या होम क्वारंटीन किया जाएगा। इसका पूर्ण दायित्व लेबर के ठेकेदारों और व्यापारिक संस्थानों के मालिकों का होगा। उन्हें संस्थागत क्वारंटीन के सभी तय दिशा–निर्देशों एवं मानकों के अनुपालन के साथ आवश्यक की रिपोर्ट नेगेटिव आने पर ही कार्य करने की अनुमति दी जायेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य आरडी धीमान ने बताया कि इस समय प्रदेश आगमन पर ई–पास नहीं दिए जा रहे हैं। बाहर से आने वाली द्वारा दी जा रही जानकारी को आधार मानकर उन्हें पंजीकृत कर प्रदेश में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। ऐसी स्थिति में बहुत से लोग अपना पता गलत बता रहे हैं और अन्य विवरण भी गलत गर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमों में परिवर्तन करते हुए अब प्रत्येक आगंतुक को अपनी वांछनीय सूचना सुरापीए करनी होगी, जिसके लिए अधिकारियों को प्राधिकृत कर दिया गया है। (हिफी)

बरसात के कमजोर दौर ने बढ़ाई काश्तकारों की चिंता

धरियावद, 21 जुलाई। क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से बरसात का दौर थमने एवं जुलाई माह में कमजोर बरसात के चलते अब वातावर में धीरे धीरे गर्मी एवं उमस का वातावरण बना हुआ है इधर बरसात में देरी एवं कम वर्षा के चलते अब काश्तकारों एवं धरतीपुत्रों को अपने खेतों में बुवाई की गई एवं खडी फसल में नुकसान की चिंता सता रही है कुछ जानकारों के अनुसार इस बार बरसात का कमजोर दौर होने के चलते कई जगह काश्तकारों ने बरसात की आस में दो से तीन बार खेतों में फसलों की बुवाई कर चुके ऐसे में जुलाई माह बीतने को आया तथा अभी भी बरसात का लम्बा इंतजार होने के चलते काश्तकारों को अब अधिक नुकसान झेलना पड सकता हैं पहुंच सकता हैं इधर बरसात को लेकर दुरस्थ अचंल में इंदेव एवं आराध्य देव की पूजा अर्चना का दौर जारी हैं।

वृद्धाश्रम आवासियों ने किया देहदान संकल्प

उदयपुर, 21 जुलाई। कोरोना महामारी के मध्य मानवता के संकल्प की एक कहानी तारा संस्थान के द्वारासंचालित सेक्टर - 14, स्थित ''श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम'' से आई। वृद्धाश्रम में रहने वाले दो दम्पत्तियों ने देहदान का संकल्प लिया। विदिशा निवासी श्री ब्रज मोहन शर्मा और उनकी पत्नी श्रीमती उषा शर्मा जो कि 7 माह से वृद्धाश्रम में रह रहे हैं उनकी कोई संतान नहीं है। उनका विचार था कि मृत्यु के उपरांत भी उनका शरीर कुछ काम आए सो उन्होंने देहदान का संकल्प लिया। उनको देखकर इसी पूर्ण दायित्व लेबर के ठेकेदारों और व्यापारिक संस्थानों के मालिकों का होगा। उन्हें संस्थागत क्वारंटीन के सभी तय दिशा–निर्देशों एवं मानकों के अनुपालन के साथ आवश्यक की रिपोर्ट नेगेटिव आने पर ही कार्य करने की अनुमति दी जायेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य आरडी धीमान ने बताया कि इस समय प्रदेश आगमन पर ई–पास नहीं दिए जा रहे हैं। बाहर से आने वाली द्वारा दी जा रही जानकारी को आधार मानकर उन्हें पंजीकृत कर प्रदेश में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। ऐसी स्थिति में बहुत से लोग अपना पता गलत बता रहे हैं और अन्य विवरण भी गलत गर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमों में परिवर्तन करते हुए अब प्रत्येक आगंतुक को अपनी वांछनीय सूचना सुरापीए करनी होगी, जिसके लिए अधिकारियों को प्राधिकृत कर दिया गया है। (हिफी)

बीते सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट के साथ आवें बैठक में

जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भीलवाड़ा, 21 जुलाई। बीते सप्ताह में हुई विभागीय योजनाओं की पगति की तथ्यात्मक रिपोर्ट के साथ पूरी तैयारी करने के पश्चात ही बैठक में आवें। यह निर्देश जिला कलक्टर ने मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक तीन चरणों में आयोजित हुई जिनमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की पगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि राजकीय योजनाओं से आमजन को लाभ मिलने परिणाम जमीनी स्तर पर दिखने चाहिए। उन्होने कहा कि पत्येक विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं की पगति से जुडी जानकारी से अपडेट रहने चाहिए। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आने से पूर्व बीते सप्ताह में हुई पगति को अलग से पदर्शित करते हुए रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए जिससे सप्ताह में हुई पगति की समीक्षा में आसानी रहे। उन्होने शिकायत निवारण पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से पाप्त, 181 पर दर्ज और ऑफलाइन पाप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर गंभीरता बरतें। पत्येक सप्ताह पाप्त शिकायतों व निस्तारित की गई शिकायतों की रिपोर्ट साप्ताहिक बैठक में पस्तुत करें। बैठक में विभागीय योजनाओं की भौतिक व वित्तीय पगति व फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहें।

कपासन में शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर ठाकुर जी को कराया नोका विहार

कपासन, 21 जुलाई। नगर के प्राचीन शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित दिगम्बर संत श्री 1008 खुशाल भारती महाराज के चातुर्मास के अंतर्गत कई धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धार्मिक आयोजन के साथ ही इसी के तहत हरियाली अमावस्या पर सोमेश्वर महादेव मंदिर में ठाकुर जी को नोका विहार कराया गया।

दिगम्बर संत श्री 1008 खुशाल भारती महाराज का चतुर्मास 5 जुलाई से आरम्भ हुआ जो 28 नवम्बर तक चलेगा। चातुर्मास के आरम्भ होने के साथ ही सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कई धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। अभी पवित्र सावन मास के चलते रोजाना 551 पार्थिव शिव लिगों का जल व दूध से अभिषेक किया जा रहा है। अभिषेक के बाद उनको सरोवर में विसर्जित किया जाता है व रोजाना रात्रि को श्री सोमेश्वर महादेव जी का अभिषेक किया जाता है। चातुर्मास शुरू होने के साथ ही श्री सोमेश्वर महादेव जी के दर्शनों के साथ ही खुशाल भारती महाराज के यहाँ दिनभर भक्तो का तांता लगा रहता है व आगामी आरम्भ माह में पहली बार 108 दिवसीय बगलामुखी यज्ञ का आयोजन भी किया जायेगा जिसको लेकर तैयारियां जारी है।

सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित चातुर्मास में होने वाले धार्मिक आयोजन के दौरान वैश्विक महामारी कोविड 19 के लिये सरकार व प्रशासन की और से जारी गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।

कार्यालय नगरपालिका सलूम्बर जिला उदयपुर (राज.)
क्रमांक :अ.ना.स./ 2020-21 / 401-408 दिनांक : 17.07.2020
निविदा आमंत्रण सूचना
नगरपालिका सलूम्बर में निम्न कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित प्रपत्र में निविदा कुल राशि 51.15 लाख रूपये निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.07.2020 से दिनांक 06.08.2020 को 01:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा शुल्क बारहार राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क भौतिक रूप से दिनांक 05.08.2020 को सांय 06:00 बजे तक बारिये बैंकर्स चैक अथवा डी.डी. से कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। जिसको NIB CODE नम्बर DLB2021A1852 है एवं जिसके UBN नम्बर DLB2021SSOB07639, DBL2021SSOB07610, DLB2021SSOB07621, DLB2021GSOB07611, DLB2021SSOB07612, DLB2021SSOB07614, DLB2021SSOB07616, DLB2021SSOB07617, DLB2021SSOB07618, DLB2021SSOB07619, DLB2021SSOB07633, DLB2021SSOB07620 है।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सलूम्बर
एफ. नंबर / सी-2020-21/2463

एशिया पैक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: पूर्वीय रोड, सिरपाल पलिस्थ
जगह की ओकल, सवाईमाधोपुर, राजसमन्द, राजस्थान, भारत, पिन-3-3241
टेलीफोन नंबर 02953-331201, फैक्स नंबर 02953-331204
CIN: L74950RJ1985PLC003275
ई-मेल: arpit.lodha@mirajgroup.in वेबसाइट: www.asiapackltd.com
सूचना
सेबी (लिस्टिंग और विनियम बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) विनियम, 2015 के विनियम 29 सपठित नियमावली 47 के अनुसरण में, एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 31 जुलाई, 2020 को पंजीकृत कार्यालय पूर्वीय रोड, सिरपाल परिसर, ऊपर की ओकल, सवाईमाधोपुर, राजसमन्द, राजस्थान, भारत, पिन-3-3241 पर आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 31 मार्च, 2020 के समाप्त कंपनी के तिमाही और वार्षिक अंकेक्षित वित्ती